नईदुनिया

देश की सबसे लंबी जल सुरंग से छह जिलों के 1450 गांवों और 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि को मिलेगा सिंचाई लाभ

मुख्यमंत्री आज करेंगे स्लीमनाबाद जल सुरंग का निरीक्षण

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मध्य प्रदेश की महत्वाकांक्षी स्लीमनाबाद जल सुरंग परियोजना अब पूर्णता के अंतिम चरण में पहुंच गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को कटनी जिले में देश की सबसे लंबी और तकनीकी दृष्टि से जटिल जल सुरंग का निरीक्षण करेंगे।

लगभग 11.952 किलोमीटर लंबी यह सुरंग विंध्य पर्वतमाला के भीतर से नर्मदा का जल गुरुत्वाकर्षण के आधार पर सोन नदी के कछार तक पहुंचाएगी। परियोजना के पूरा होने पर जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, रीवा और पन्ना जिले के लगभग 1450 गांवों की 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित इस परियोजना का निर्माण वर्ष 2008 में प्रारंभ हुआ था। लंबे समय तक भूगर्भीय चुनौतियों के कारण कार्य प्रभावित रहा, लेकिन अब सुरंग का निर्माण अंतिम चरण में है और केवल अंतिम ब्रेकथ्रू का कार्य शेष है।

परियोजना के निर्माण के दौरान कठोर चट्टानों, भूमिगत जल रिसाव तथा भूगर्भीय गुफाओं जैसी जटिल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। प्रारंभ में उपयोग की गई मशीन के निष्प्रभावी होने के बाद अत्याधुनिक जर्मन सुरंग निर्माण मशीन तथा विशेष ग्राउटिंग तकनीक का उपयोग किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग और रेल मार्ग के नीचे से गुजरने वाली इस सुरंग का निर्माण सुरक्षित ढंग से पूरा किया गया।

अब तक परियोजना का 96.66 प्रतिशत कार्य पूरा

परियोजना की प्रारंभिक स्वीकृत लागत 799 करोड़ रुपये थी, जो विभिन्न तकनीकी आवश्यकताओं, भूगर्भीय परिस्थितियों तथा अतिरिक्त निर्माण कार्यों के कारण बढ़कर 1610.47 करोड़ रुपये हो गई। अब तक परियोजना का 96.66 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। 12.135 किलोमीटर लंबी खुली नहर तथा 11.952 किलोमीटर लंबी मुख्य जल सुरंग का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि कट एंड कवर तकनीक से निर्मित 0.913 किलोमीटर नहर का अधिकांश कार्य भी पूरा कर लिया गया है। परियोजना के माध्यम से बिना किसी विद्युत ऊर्जा या पंप के केवल गुरुत्वाकर्षण के आधार पर नर्मदा का जल बरगी दायीं तट मुख्य नहर से सिंचाई क्षेत्र तक पहुंचेगा। राज्य सरकार के अनुसार मार्च 2026 तक 44 हजार 160 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। दिसंबर 2026 तक 87 हजार 433 हेक्टेयर तथा दिसंबर 2027 तक कुल 1 लाख 54 हजार 693 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रदेश में सामान्य से 11 प्रतिशत कम वर्षा 35 जिले वर्षा की कमी से प्रभावित

19 जुलाई से नए मौसम तंत्र के सक्रिय होने पर तेज वर्षा की संभावना, आज कई जिलों में हल्की बारिश के आसार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में पिछले सात दिनों से भारी अथवा अति भारी वर्षा नहीं होने के कारण कई क्षेत्रों में वर्षा की कमी की स्थिति बनी हुई है।

जबलपुर सहित प्रदेश के 35 जिलों में अब तक सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है। पूर्वी मध्य प्रदेश के जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग वर्षा की कमी से अधिक प्रभावित हैं, जबकि भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम तथा ग्वालियर-चंबल संभाग में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अब तक 241.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि में सामान्य वर्षा 270.3 मिलीमीटर मानी जाती है। इस प्रकार प्रदेश में अब तक सामान्य से लगभग 11 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। पूर्वी जिलों में वर्षा की कमी 24 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि पश्चिमी हिस्से में सामान्य से दो प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

विभाग के अनुसार 19 जुलाई से उत्तर-पश्चिम भारत में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। इसके प्रभाव से मध्य प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। इसके अलावा बंगाल की खाड़ी में भी नया मौसम तंत्र विकसित हो रहा है तथा चक्रवाती परिसंचरण भी सक्रिय बना हुआ है।

मुख्यमंत्री ने भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं

नप्र, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आस्था, सेवा और लोककल्याण का यह महापर्व समाज को एकता, अपनत्व और श्रद्धा के सूत्र में जोड़ता है। प्रभु श्री जगन्नाथ, बलभद्र जी और माता सुभद्रा की असीम कृपा से प्रत्येक परिवार सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि से परिपूर्ण हो, यही मंगलकामना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

नप्र, भोपालः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने अनुसूचित जाति मोर्चा के छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष लोकेश डेहरिया के निधन पर शोक व्यक्त किया है।खण्डेलवाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

सपा ने शालिगराम गर्ग को विशेष सुविधा देने का लगाया आरोप

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई शालिगराम गर्ग को कथित रूप से विशेष सुविधा दिए जाने के आरोप को लेकर समाजवादी पार्टी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है।

भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने आरोप लगाया कि फायरिंग के आरोपी शालिगराम गर्ग को पुलिस ने निजी वाहन से जेल पहुंचाया, जिससे उन्हें विशेष सुविधा दिए जाने का संकेत मिलता है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को भी जांच के दायरे में शामिल करने की मांग की। डॉ. यादव ने आरोप लगाया कि शालिगराम गर्ग के नाम पर बागेश्वर धाम से जुड़ी कई जमीनें और संपत्तियां हैं। कि इन संपत्तियों और धन के स्रोत की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उनका कहना था कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री केवल यह कहकर जिम्मेदारी से अलग नहीं हो सकते कि पिछले दो वर्षों से उनका अपने भाई से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर उन्हें भी आरोपी बनाए जाने की मांग की।

डॉ. मनोज यादव ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को भी जांच के दायरे में लाने की मांग उठाई

उन्होंने कहा कि मामले के सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी होनी चाहिए तथा किसी भी व्यक्ति को प्रभाव या पहचान के आधार पर विशेष सुविधा नहीं मिलनी चाहिए। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कमलनाथ, नरोत्तम मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, पीसी शर्मा, लखन पटेल, तरुण भनोट और अजय टंडन का भी उल्लेख किया। उल्लेखनीय है कि छतरपुर जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के कोड़ा गांव में जमीन विवाद के मामले में पुलिस ने शालिगराम गर्ग सहित चार लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

टिकट काटने का फैसला किसी और का थाः मिश्रा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का बयान राजनीतिक चर्चाओं का केंद्र बन गया। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में आयोजित जनसभा में उन्होंने कहा कि उनकी टिकट काटने की क्षमता आशुतोष तिवारी में नहीं है।

उन्होंने कहा कि टिकट का फैसला किसी और स्तर पर लिया गया है और जिन लोगों ने यह निर्णय किया है, उनसे वह स्वयं बात कर लेंगे। नरोत्तम मिश्रा ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भावनाओं में बहने के बजाय संगठन के हित में काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि टिकट नहीं मिलने के बाद कार्यकर्ताओं की भावनाएं देखकर वह स्वयं भी भावुक हो गए थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का प्रेम और विश्वास उनके लिए किसी भी पद से अधिक महत्वपूर्ण है तथा दतिया से उनका भावनात्मक रिश्ता हमेशा बना रहेगा।

जनसभा में उन्होंने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि नाराजगी और गुस्से का इस्तेमाल सही दिशा में होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजनीतिक लड़ाई विपक्ष से है, अपनी ही पार्टी से नहीं। इसी संदर्भ में उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 'ब्रह्मास्त्र गलत जगह मत दागो।' उनका आशय था कि असंतोष के कारण पार्टी को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए और सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए।

गौरतलब है कि इससे पहले भी नरोत्तम मिश्रा अपने एक बयान को लेकर चर्चा में रहे थे, जिसमें उन्होंने दतिया के प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि वह घटनाओं को भूलने वालों में नहीं हैं और उचित समय पर जवाब देंगे। उनके इन बयानों को लेकर राजनीतिक हलकों में विभिन्न तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

हालांकि, भाजपा की ओर से उनके ताजा बयान पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उपचुनाव के दौरान ऐसे बयान दतिया की सियासत को और गर्मा सकते हैं, जबकि पार्टी का पूरा जोर संगठनात्मक एकजुटता बनाए रखने और चुनावी जीत सुनिश्चित करने पर है।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालःकैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना। इस दौरान पार्टी के प्रदेश मंत्री राजेन्द्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक 19 को विस सत्र की रणनीति पर होगी चर्चा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश विधानसभा के आगामी सत्र की तैयारियों को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक 19 जुलाई रविवार को शाम 7:30 बजे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के निवास भोपाल में आयोजित होगी।

बैठक में आगामी विधानसभा सत्र के दौरान सदन में उठाए जाने वाले विभिन्न जनहित के मुद्दों एवं विपक्ष की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश से जुड़े समसामयिक विषयों पर कांग्रेस विधायक दल के सदस्यों के बीच विचार-विमर्श होगा।

कांग्रेस विधायक दल प्रदेश से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगाः उमंग

बैठक में कथित भूमि घोटाले से जुड़े आरोपों, किसान समस्याओं, सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता के लिए वार्षिक जॉब कैलेंडर जारी करने की मांग, युवाओं के रोजगार एवं भर्ती परीक्षा व्यवस्था में सुधार, समान नागरिक संहिता (यूसीसी), आदिवासी एवं दलित अधिकार, महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति तथा भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। इन मुद्दों को विधानसभा सत्र के दौरान उठाने की रणनीति भी तैयार की जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल प्रदेश से जुड़े जनहित के मुद्दों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं, महिलाओं, आदिवासी एवं दलित समुदाय सहित विभिन्न वर्गों से जुड़े विषयों पर सरकार से जवाब मांगा जाएगा।

मध्यप्रदेश में बढ़ेगा कपड़ा उत्पादन तीन लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वस्त्र एवं परिधान उद्योग के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर कपड़ा उत्पादन और रोजगार के अवसर लगातार बढ़ाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश के पहले पीएम मित्रा पार्क की स्थापना धार जिले में की जा रही है, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग तीन लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही मालवा-निमाड़ क्षेत्र के छह लाख से अधिक कपास उत्पादक किसानों को इसका लाभ प्राप्त होगा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स-2026 के राउंड टेबल संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों और निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था, कुशल श्रमिकों की उपलब्धता और उद्योगों के अनुकूल वातावरण निवेशकों के लिए नई संभावनाएं तैयार कर रहा है।

डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार ने उद्योगपतियों से किए गए सभी वादे पूरे किए हैं। मई 2026 तक की सभी सब्सिडी और देनदारियों का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जा चुका है। पिछले डेढ़ वर्ष में लगभग 5,500 करोड़ रुपये की सब्सिडी उद्योगों को उपलब्ध कराई गई है।

क्रांति गौड़ बोलीं- अब बेटियां भी क्रिकेट को बना रही हैं करियर

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान के सम्मान पट्ट पर नाम दर्ज कराने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ का गुरुवार को टीटी नगर स्टेडियम में सम्मान किया गया।

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि क्रांति ने अपने प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। सम्मान समारोह में क्रांति गौड़ ने अपने संघर्ष से लेकर लॉर्ड्स तक के सफर के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि लॉर्ड्स के सम्मान पट्ट पर अपना नाम दर्ज देखना प्रत्येक क्रिकेट खिलाड़ी का सपना होता है और पहली भारतीय महिला क्रिकेटर के रूप में वहां नाम दर्ज होना उनके जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने बताया कि जैसे ही उनका नाम सम्मान पट्ट पर अंकित हुआ, उन्होंने तुरंत अपने परिवार से वीडियो माध्यम से संपर्क कर यह ऐतिहासिक पल साझा किया।

छतरपुर जिले के घुवारा कस्बे से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट तक पहुंचीं क्रांति गौड़ ने कहा कि शुरुआती दिनों में उनके परिवार को यह कहकर ताने दिए जाते थे कि लड़की को क्रिकेट क्यों खिलाया जा रहा है।

• बड़े जिले की तलाश

मध्यप्रदेश के एक सीमावर्ती जिले के साहब पूरी ताकत झोंककर किसी बड़े जिले में पदस्थापना के प्रयास में जुटे हैं। इसके लिए साहब हर पैंतरा अपनाने को तैयार हैं। उनका मानना है कि सफलता मिलनी चाहिए, चाहे जैसे भी मिले। विधानसभा के वर्षाकालीन सत्र के बाद उनके उन्नयन का भरोसा मिला है।

• ज्यादा होशियारी भारी न पड़ जाए...

पिछले दिनों सीधी भर्ती के एक अधिकारी कानून-व्यवस्था संभालने के दौरान घायल हो गए। युवा पीढ़ी के इन साहब को इन दिनों वरिष्ठ और समकक्ष अधिकारी बिना मांगे लगातार सलाह दे रहे हैं कि आगे रहना चाहिए, लेकिन ऐसी परिस्थितियों में छोटे अधिकारियों और सिपाहियों को आगे रखना चाहिए। एक शुभचिंतक ने तो यहां तक कह दिया कि ज्यादा होशियारी कहीं भारी न पड़ जाए।

• पकड़ से पहले सौदा...

मध्यप्रदेश के कुछ इलाकों में आज भी बड़े-बड़े गिरोह सक्रिय हैं। कुछ महीने पहले सत्ताधारी दल के एक माननीय ऐसी ही धमकी के कारण अपना क्षेत्र छोड़कर कई महीनों तक गायब रहे। जब क्षेत्र की जनता उन्हें तलाशने निकली, तब हकीकत सामने आई। सत्ता और संगठन से चर्चा तथा सुरक्षा का भरोसा मिलने के बाद ही वे क्षेत्र में लौटे। इन दिनों एक अन्य मामले में भी ऐसी ही चर्चाएं छन-छनकर ऊपर तक पहुंच रही हैं, लेकिन सच्चाई कितनी है, यह कहना मुश्किल है।

• पहाड़ों की वादियों से मैदानी क्षेत्रों तक चली बयार...

कुछ महीने पहले लगभग तीन दर्जन अधिकारियों की देश और विदेश में ट्रेनिंग हुई थी। ट्रेनिंग के दौरान एक सहयोगी पर जरूरत से ज्यादा ध्यान देना अब दूसरा रूप ले चुका है। पहले लंबी-लंबी बातचीत, फिर किसी न किसी बहाने मुलाकात और फिर मामला परवान चढ़ गया। अब चर्चा है कि यह सिलसिला विदेश और पहाड़ों से आगे बढ़कर घरों तक पहुंच गया है।

• माल तो किसी का, दावेदार कोई और...

मध्यप्रदेश के कुछ सीमावर्ती जिलों, खासकर थाना क्षेत्रों में लंबे समय से हवाला कारोबार और अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चल रहे हैं। एक बड़े राज्य से जुड़े कुछ कारोबारियों को रोककर पूछताछ की गई और माल भी जब्त किया गया। लेकिन ऊपर से पड़े दबाव के चलते माल छोड़ भी दिया गया। अब चर्चा इस बात की है कि माल किसी का था और ले कोई और गया, लेकिन बता कोई नहीं रहा।



• बड़े साहब तो ठीक, छोटे भी कम नहीं...

ग्वालियर-चंबल संभाग में एक प्रमोटी और एक सीधी भर्ती के साहबों के बीच अत्यधिक सहयोगी भावनाओं का खामियाजा स्टाफ और जनता भुगत रही है। देखना यह होगा कि दोनों साहबों का यह अति-प्रेम आखिर चरम पर कब पहुंचता है, क्योंकि क्षेत्र की जनता और जिले के स्टाफ को तो सिर्फ राहत से मतलब है, चाहे जैसे मिले।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com